हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 13 नवम्बर 2024
[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास जंबूरी में छात्रों ने लिया हिस्सा

**महासमुंद।** राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास जंबूरी 2024 भारती विश्वविद्यालय पुलगांव जिला दुर्ग में आयोजित हुआ। जिसमें शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द के 8 छात्र, व्याख्याता विनीता अंजलि दीवान के मार्गदर्शन में भाग लेकर वापस लौटे। जंबूरी में भाग लेने वाले छात्रों में टिकेश्वर, युवराज, भावेश, उमेश, भूपेंद्र विश्वकर्मा, भूपेंद्र चक्रधारी एवं दुर्गेश कक्षा 9वीं व 10वीं रहे। संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने राज्य स्तरीय जंबूरी 2024 के लिए जिले से शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द का चयन करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एवं अशोक गिरी गोस्वामी सचिव रेडक्रास सोसायटी का धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही जंबूरी में भाग लिए सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

### वाणिज्य संकाय परिषद के सदस्यों का हुआ मनोनयन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 9 नवंबर को आयोजित वाणिज्य परिषद के गेट टू गैदर कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन में नवनिर्वाचित सदस्यों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया और उन्हें अपने कार्य में उत्कृष्टता के लिए शुभकामनाएं दी गईं। विभूति साहू को वाणिज्य संकाय परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में विभूति ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सहपाठियों से वर्षभर कड़ी मेहनत कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। वाणिज्य संकाय परिषद के अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष श्रेयांश सोनी, सचिव गुलशन राठी, सहसचिव प्रीति मांझी, साहित्यिक प्रभारी देवयानी चंद्राकर, सांस्कृतिक प्रभारी संजना श्रीवास्तव, क्रीड़ा प्रभारी खेमराज यदु के मनोनयन पर समस्त सहायक प्राध्यापक और पालकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

पेज 9 के शेष...

### देवउठनी एकादशी पर...

देवउठनी पर्व हुआ तो दोपहर तक एक भी पसरा में गन्ना नजर नहीं आया। कितनों ही लोग गन्ने लेने से वंचित रह गए। बिचौलिए भी पर्व की आड़ में अपना कमाल दिखा दिए। 20-30 रूपए प्रति नग गन्ना का रेट 50-50 रूपए तक लिए वो भी पतला गन्ना था। पर्व की महत्ता को देखते हुए मजबुरी में ही सही लोगो ने इसे ही खरीदा। गन्ना के साथ ही कोचई,कांदा,बेर,सीताफल के भाव तो बढ़ा हुआ ही था अलबत्ता चनाभाजी भी 160 रूपए किलो में बेचा गया।

### तैयारी : हाथियों के लिए महुआ, गुड़ व एंटीबायोटिक का लड्डू कर रहे है तैयार

# घायल शावक दल से जा मिला, डॉक्टरों की टीम ने बदली उपचार की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में शिकारियों के द्वारा वन्य प्राणी के शिकार के लिए लगाएं पोटाश बम को हाथी के बच्चे ने गलती से खा लिया जिससे वो बुरी तरह से घायल हो गया है। इस घटना के सामने आने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की उपनिदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में थर्मल ड्रोन की मदद से उस हाथी के बच्चे की तलाश किया जा रहा था, हाथी का बच्चा अपने दल से मिल चुका है और दल में शामिल हो गया है। जिसके कारण घायल हाथी के बच्चे की इलाज करने में वन विभाग एवं डॉक्टर तथा एक्सपर्ट की टीम को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, पिछले तीन दिनों से बाकायदा ड्रोन कैमरा के माध्यम से हाथी के शावक और दल पर निगरानी रखा गया है डॉक्टरों की टीम पहाड़ी के ऊपर से डाट गन के माध्यम से हाथी के बच्चे का इलाज करने में दिक्कत आ रही है क्योंकि घायल हाथी के बच्चे को पूरा दल चारों तरफ से घेर कर अपने बीच में रखा हुआ है जिसके कारण डाट गन के माध्यम से उपचार करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वन विभाग ने हाथी के बच्चे की इलाज में अपनी रणनीति को चेंज कर दिया है। कल से अलग से लड्डू के आहार हाथियों को दिया जाएगा इसके लिए जंगल में जगह-जगह वन विभाग द्वारा लड्डू बनाकर रखा जाएगा और इससे उसका उपचार किए जाने की तैयारी किया जा रहा है, हाथियों के लिए महुआ एवं गुड़ तथा एंटीबायोटिक का लड्डू तैयार किया जा रहा है। मौके पर सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरुण जैन, सीसीएफ वाइल्डलाइफ सतोविशा समाजदार सहित वन विभाग के आला अधिकारी और जंगल सफारी के डॉक्टर मौके पर डटे हुए हैं।





#### बेहद मार्मिक हैं हालात

*वन विभाग के मुताबिक ड्रोन से ली गई तस्वीरों में हाथी के बच्चे का जबड़ा सूजा हुआ और पैर में चोट के निशान दिखाई दिये हैं ड्रोन से जो तस्वीरें ली गई हैं उसमें दिख रहा है कि घायल हाथी का बच्चा अपने ही सूंड से खुद पर ही पानी डाल रहा है जिससे की उसे राहत मिल सके वो काफी परेशान दिख रहा है। विभाग को आशंका है कि हाथी के बच्चे ने अनजाने में इस पोटाश बम को खाने की कोशिश की है। उपचार के लिए उसे ट्रेंकुलाइज किया जाएगा फिर उसका समुचित इलाज किया जाएगा लेकिन हाथी का बच्चा दल में मिल जाने के कारण ट्रेकुलाइज करने में दिक्कत आ रही है।*

#### लापरवाही बरतने वाले एसडीओ को नोटिस

*उदंती सीतानदी वन परिक्षेत्र में पोटाश बम से हाथी के बच्चे के घायल होने की घटना के मामले में लापरवाही बरतने वाले एसडीओ को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 2 दिन की मोहलत दी गई है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना के दिन अनुपस्थित रहने वाले एसडीओ के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है।*

#### हाथी के घायल होने की जानकारी ग्रामीणों से मिली

5 नवंबर 2024 को कक्ष क्रमांक 215 में ग्रामीणों द्वारा घायल अवस्था में एक हाथी के बच्चे की सूचना दी गई थी। 07 नवंबर को कक्ष क्रमांक 301 में पोटाश बम से हाथी को मारने या भगाने के प्रयास की जानकारी वन परिक्षेत्र अधिकारी रिसगांव शैलेश बघेल द्वारा दी गई। घटना स्थल से रक्त और बम के टुकड़े बरामद कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए। 8 नवंबर को एन्टी पोचिंग टीम और स्क्वॉड ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जहां 5-6 किलोमीटर तक खून के निशान मिले।

#### घटना के दिन अनुपस्थित थे एसडीओ

हालांकि, घटनास्थल पर मौजूद होने के बावजूद संबंधित एसडीओ वहां अनुपस्थित पाए गए और घायल हाथी को ट्रेस करने में कोई सहायता नहीं की गई। उपनिदेशक ने नोटिस में बताया कि अगर एसडीओ ने अपने कार्य के प्रति सजगता बरती होती तो यह स्थिति नहीं उत्पन्न होती। इसके अलावा, उपनिदेशक का मोबाइल नंबर ब्लॉक करने की शिकायत भी दर्ज की गई, जिससे हाथी की मदद के लिए आवश्यक टीमों को सूचित करने में विलंब हुआ। एसडीओ को दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए वेतन रोकने की चेतावनी दी गई है।

## घर-घर में मनाई गई छोटी दिवाली





हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

देवउठनी एकादशी के अवसर पर छोटे-छोटे दीप जलाकर लोगों ने घरों को रोशन किया और इस दिन को छोटी दिवाली के रूप में मनाया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-पाठ का आयोजन भी हुआ। देवउठनी एकादशी पर तुलसी माता और शालिग्राम भगवान के विवाह का विशेष महत्व है, जिसे हर घर में पूरे रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न किया गया।

तुलसी माता और शालिग्राम भगवान के विवाह को लेकर घरों में विशेष सजावट की गई, दीप जलाए गए और मिठाइयाँ बांटी गईं। भक्तों ने पारंपरिक तरीके से तुलसी विवाह का आयोजन कर भगवान को प्रसन्न किया। देवउठनी एकादशी के दिन यह अनुष्ठान आने वाले दिनों के लिए शुभ माने जाते हैं और इसके साथ ही विवाह आदि के मांगलिक कार्यों की शुरुआत भी हो जाती है।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी का विधायक ने किया स्वागत



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का विधायक इंद्रकुमार ने बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल थे।

## साहू समाज का दिवाली मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

दीपावली मिलन समारोह में डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण साहू, धमतरी के अवनेन्द्र साहू, महासमुंद के धरम साहू , कोंडागांव के अध्यक्ष महेश साहू सहित खैरागढ़, सुकमा व पोखरा परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष ललित साहू ,उमेश साहू के साथ साहू समाज के अनेकों लोग शामिल थे।

## पंचायत सदस्य रानी ने किया एक-एक घर में जनसंपर्क



**नवापारा-राजिम।** रायपुर दक्षिण में मिली जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता के साथ लेते हुए जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल ने एक-एक घरों में जाकर भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को जिताने के लिए मतदान के एक दिन पूर्व तक संपर्क की है। उनके साथ बड़ी संख्या में महिलाओं की टोली शामिल रही।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## पटेल समाज बहुत मेहनती समाज : मंत्री टंकराम

**नवापारा-राजिम।** पटेल समाज के दीपावली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सहित पटेल समाज के कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, रायपुर जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल, महिला आयोग के पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ,सच्चिदानंद उपासने सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा ने पटेल समाज के लोगों को दीपावली की बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि पटेल समाज बहुत मेहनती समाज है। बहुत तेजी के साथ शिक्षा के क्षेत्र में यह समाज आगे बढ़ रहा है। धरती को हरा-भरा बनाने में इस समाज का बहुत बड़ा योगदान है। मै आग्रह करता हूं कि 13 नवंबर को रायपुर-दक्षिण के भाजपा उम्मीदवार सुनील सोनी को प्रचंड बहुमत से जिताएं ताकि विकास की गति तीव्र हो सके।



#### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने अनेक योजनाएं लागू

*कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लगातार कराए जा रहे विकास एवं जनकल्याणकारी कार्य किसी से छिपा हुआ नहीं है। मोदी सरकार ने हर घर शौचालय निर्माण कराके माता-बहनों का सम्मान किया, राज्य के विष्णुदेव सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रुपए हर महिना महिलाओं के खाते में भेजा जा रहा है। उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, आवास एवं राशन कार्ड में मातृशक्तियों का नाम देकर सम्मान बढ़ाया है। माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों योजनाएं लागु की हैं। कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पटेल समाज के संरक्षक राजेन्द्र नायक पटेल, लोचन पटेल, शिवनारायण पटेल, उत्तम पटेल, मरार समाज महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रानी पटेल, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सतरूपा पटेल सहित बड़ी संख्या में पटेल समाज के लोग मौजूद थे।*

### आज से शुरु हो जाएंगे विवाह आदि मांगलिक कार्य

# देवउठनी पर गन्ने का मंडप सजा, रचाया तुलसी विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मंगलवार को देवउठनी एकादशी पर्व तुलसी पूजा धूमधाम के साथ मनाई गई। लोगों ने अपने घरो में गन्ने का मंडप बनाकर भगवान सालिकराम के साथ तुलसी का विवाह किया गया और वहीं पूजा अर्चना के पश्चात माता तुलसी को कई प्रकार के भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इसी के साथ ही आज से मांगलिक कार्य जैसे शादी विवाह प्रारंभ हो जायेगे, देव उठनी पर्व मे क्षेत्र मे लोगों ने अपने -अपने कुल देवता व देवी की पूजा अर्चना करते हुए चावल आटे से बने दिपक जलाकर सुख शांति समृध्दि की कामना की। वहीं छोटी दिवाली के अवसर पर घरोघर दूधफरा, छत्तीसगढी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, अरसा, बडा, सहित छत्तीसगढ़ी पकवानो की धूम देखने को मिली। शाम से देर रात तक चारो तरफ पटाखे की आवाज सुनाई देती रही। रंगबिरंजी आतिशबाजी से पूरा आसमान जगमगाने लगा, देवउठनी का पर्व मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में आस्था एवं उल्लास के साथ मनाया गया। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में छोटी दीवाली के रूप में मनाया जाने वाला यह पर्व को लेकर भारी उत्साह देखा गया घर के सामने आकर्शक रंगोली सजाई गई।





#### यादव बंधुओं ने मवेशियों को बांधी सोहई

वहीं यादव बंधुओं द्वारा मवेशियों को सोहई बांधी गई और दोहा लगाई गई। यादव समाज द्वारा मैनपुर नगर में विशेष पूजा अर्चना किया गया। मैनपुर दुर्गा मंदिर के पुजारी ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी को मनाया जाने वाला देवउठनी का पर्व पूरे क्षेत्र में श्रद्धा भक्ति व उत्साह के साथ मनाया गया दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि देवशयनी एकादशी के उपरांत देवउठनी एकादशी तक मांगलिक कार्यक्रम पर रोक रहती है पुराणों के अनुसार इस अवधि में भगवान विष्णु क्षीरसागर में शयन करते हैं कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी जिसे प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन भगवान निद्रा से जागते हैं और शादी विवाह जैसे मांगलिक कार्य प्रारंभ होते हैं इस दिन गन्ने का मंडप बनाकर विधि विधान से भगवान विष्णु और तुलसी माता का विधि पूर्वक विवाह संपन्न कराया जाता है इस दिन भगवान विष्णु और तुलसी की विधि पुर्वक विवाह पूजन करने से वर्ष भर मंगल होते रहता है सुख शांति समृद्धि आती है वह भगवान विष्णु माता तुलसी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट · कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) · स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust · 130+ Experience Centres Pan India
Google Rating · PHILIPS Authorized dealer · PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन ❖ विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया ❖ अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024

08 घायल शावक दल से जा मिला, डॉक्टरों की टीम ने...



10 शिक्षक संघर्ष मोर्चा फिंगेश्वर ने तहसीलदार के नाम...





## खबर संक्षेप

### अमितेश शुक्ला आज रजकट्टी में

**छुईहा बेलर।** पूर्व विधायक अमितेश आज क्षेत्र के दौरे पर रहेगें। वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता जाकिर खान कोसमखुंटा, मनोज यदू बिरोड़ा ने बताया कि ग्राम रजकट्टी में प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल का बुधवार को आगमन होगा। और पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व. अनुईया शुक्ला के दशगात्र कार्यक्रम में दोपहर 2 बजे शामिल होंगे।

### युवक को बेल्ट से मारा

**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी के एक युवक के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने मारपीट की। तुमगांव पुलिस को राहुल कुमार साहू ने बताया कि को शाम 7.30 बजे बाजार चौक गढ़सिवनी में पान दुकान से अपने घर की ओर जा रहा था, तभी पीछे से गांव के आशीष उर्फ रिंकू ध्रुव आकर मेंरे सिर को बेल्ट से मारने लगा। साथ ही उसने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को डंपर ने रौंदा, हुई मौत

**महासमुंद।** ग्राम शेर के पेट्रोल पंप के पास खड़े एक व्यक्ति को डंपर ने रौंद दिया। घटना में उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। सिटी कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को गुडरूपारा निवासी सतीश कन्नौजे ने बताया कि 11 नवंबर की शाम वह अपनी मोटर सायकल से घरेलू काम से शेर गांव गया था। वापस आते समय बाइक में उसके साथ शेर गांव का परिचित लेखराम पटेल भी था। देर शाम करीब 7.40 बजे पेट्रोल पंप के पास आम रास्ता ग्राम शेरगांव के पास पहुंचकर वह अपनी मोटर सायकल को खड़ी कर लघु शंका के लिए कुछ दूरी पर गया था। इस दौरान लेखराम पटेल को बाइक के पास ही खड़ा था। तभी जोरदार आवाज आने पर देखा कि फिंगेश्वर की ओर से आ रही डंपर ट्रक के चालक ने काफी तेज व लापरवाही पूर्वक अपने वाहन को चलाते हुए लेखराम पटेल का एक्सीडेंट कर दिया। प्रार्थी ने बताया कि लेखराम के शरीर में गंभीर चोटें आई थी और मृत्यु हो गई थी। तभी देखा एक्सीडेंट करने वाला डंपर भाग रहा था। ट्रक के पीछे का लाइट जलने से उसका नंबर सीजी 06 एम 1205 दिखाई दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### शराब जब्ती के तीन मामलों में कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में शराब बिक्री के तीन मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई गई है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि ग्राम भदरसी से गांजर जाने वाले रास्ते में खेत में झोपड़ी बनाकर शराब बेच रहे आरोपी आकाश राजपूत के कब्जे से 1.950 लीटर महुआ शराब तथा 5.040 लीटर देशी प्लेन शराब, कुल 6.990 लीटर, कीमत 3,170 रुपए तथा बिक्री रकम 2180 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। वहीं भंवरपुर चौकी पुलिस ने बताया ग्राम कलमीदादर में आरोपी रामेश्वर जगत पिता स्व दाउ जगत के कब्जे से 20 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब, 20,000 एमएल कीमत 4000 रुपए को जब्त किया गया। इधर पिथौरा पुलिस ने डोंगरीपाली जाने वाले रोड के किनारे आरोपी मनोज यादव पिता स्व. करूणा यादव निवासी डोंगरीपाली के कब्जे से कुल 03 लीटर देशी महुआ शराब, कीमत 600 रुपए रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# देवउठनी एकादशी पर गन्ने का मंडप सजाकर रचाई गई तुलसी विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मंगलवार को दोनों शहर नवापारा और राजिम सहित समूचे अंचल में देवउठनी छोटी दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सूर्यास्त के बाद एकादशी का व्रत रखने वाली महिलाएं एवं युवतियां घर-आंगन और मुख्य द्वार में चौक चंदन लगाकर, रंगोली बनाकर दीप प्रज्ज्वलित कर रोशन किया और तुलसी माता की पूजा-अर्चना कर आरती की। देवउठनी पर्व को लेकर सभी वर्ग के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। दीपावली में जिस प्रकार से लोगो ने बढ़-चढ़कर इस बार खरीदी किया। कमोवेश देवउठनी में भी ऐसी ही भीड़ सुबह से लेकर शाम तक मार्केट में रही है। लोग अपने सामर्थ्य के मुताबिक ज्वेलरी शॉप पहुंचकर खरीददारी करते रहे अलबत्ता इलेक्ट्रानिक, कपड़ा और दीगर दुकानों में भीड़ न के बराबर रही। क्योंकि लोग दीपावली में बहुत ज्यादा खरीददारी कर चुके थे। देवउठनी में सिर्फ गन्ना की बिक्री बेतहाशा हुई। शहर के मंडी रोड और मुख्य चौक-चौराहो में गन्ना का पसरा लगाए किसान और बिचौलिए नजर आए। खास बात यह रही कि इस बार गन्ना का सार्टेज हो गया। जिस तरह से आस-पास के कुछेक गांव के गन्ना उत्पादक किसान देवउठनी के दो दिन पहले गन्ना बेचने के लिए शहर आते रहे वह इस बार नही दिखा। बहुत कम मात्रा में गन्ना शहर पहुंचा था। देवउठनी के एक दिन पहले ज्यादातर लोग गन्ने की खरीदी कर लिए थे और जब मंगलवार को ▶▶|शेष पेज 8 पर

## गन्ना प्रति जोड़ा 150 से 200 रुपए बिका

### गन्ने की आवक रही कम

नगर के बलराम देवांगन सहित कई लोगों ने गन्ना के उठाव को लेकर बताया कि इस वर्ष देवउठनी एकादशी पर्व में गन्ने की कमी देखी गई। जो गन्ने हर साल 50 या 60 रुपए जोड़े तक बिकते थे वो इस वर्ष काफी कम मात्रा में बाजार में बिकने के लिए आए फलस्वरूप गन्ने का रेट प्रति जोड़ा 150 रुपए से 200 रुपए तक बिका। एकादशी के दोपहर 12 बजे तक गन्ने के सभी पसरे खाली हो चुके थे। दोपहर के बाद तो लोग नगर में केवल ईधर-उधर गन्ने की तलाश में घूमते नजर आए। कई घरों में गन्ने के बिना मंडप में तुलसी विवाह संपन्न हुआ जिससे महिलाओं में मायूसी छाई रही।



### तुलसी विवाह के बाद शुभ कार्यों की शुरुआत

तुलसी विवाह देवउठनी का त्यौहार इस अंचल में काफी धूम धाम से मनाया जाता है लोग अपने घरों में इसे छोटी दिवाली के रूप में भगवान शालिकराम-तुलसी के विवाह कर सभी शुभ कार्यों की शुरूआत करते है। गन्ने के कमी का एक और कारण 4 दिन पहले इस अंचल में उत्तर भारतीयों द्वारा मनाया गया छठ त्योहार भी है। इस वर्ष गन्ने की आधी बिक्री छठ के अवसर पर हो गई थी फलस्वरूप एकादशी के समय गन्ने की आवक कम रही।

## समितियों में तैयारी : 4341 नए पंजीकृत सहित कुल 90771 किसान बेचेंगे धान

# धान खरीदी 14 से, गड़बड़ी रोकने इस बार 90 केंद्रों में लगे सीसी कैमरे, सीधे रायपुर से होगी मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 14 नवंबर से जिले के 67 सहकारी समितियों के अंतर्गत 90 धान उपार्जन केंद्रों में कुल 90771 किसानों से धान खरीदी की जाएगी। इसमें 4341 नए पंजीकृत किसान भी शामिल हैं। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में सभी केंद्रों में बारदाना, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, बायोमेट्रिक डिवाइस, आर्द्रतामापी यंत्र, रंग, सुतली, कंप्यूटर, प्रिंटर आदि की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, और छायादार शेड की व्यवस्था भी की गई है। सभी केंद्रों में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिसका कंट्रोल रुम राज्य मुख्यालय रहेगा। धान का अधिकतम मूल्य मिलने से जिले के किसान उत्साहित हैं, और नए पंजीकृत किसान भी धान बेचने के लिए तैयार हैं। इस वर्ष लघु और सीमांत किसानों के लिए दो टोकन और बड़े किसानों के लिए तीन टोकन जारी किए जाएंगे।

### खास बातें

- जिले में धान खरीदी की तैयारियां पूरी
- केंद्रों में बारदाना, साफ-सफाई और अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित
- 67 समितियों के तहत 90 केंद्रों के माध्यम से होगी खरीदी
- लघु और सीमांत किसानों का 2 एवं बड़े किसानों का 3 टोकन कटेगा







### अवैध धान खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश

किसानों को धान खरीदी दिवस से सात दिन पहले टोकन लेना होगा, जो समितियों और 'टोकन तुंहर हाथ' मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले में अवैध धान खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन निगरानी के लिए विशेष निगरानी दल का गठन किया गया है। अवैध धान खरीदी में शामिल पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि धान विक्रेता किसानों को खरीदी केंद्रों में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

### धान के रकबे का किया जा रहा है सत्यापन

जिला विपणन अधिकारी अमित चन्द्राकर ने जानकारी दी कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए 28,000 गठान नए-पुराने बारदानों की आवश्यकता होगी। वर्तमान आवश्यकता के अनुसार सभी 90 उपार्जन केंद्रों में आगामी सात दिनों की खरीदी के लिए बारदानों की आपूर्ति कर दी गई है, और शेष बारदानों की आपूर्ति खरीदी के दौरान नियमित रूप से की जाएगी। खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु ने बताया कि सभी किसानों के बोये धान के रकबे का सत्यापन लगातार जिला और तहसील अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

# रसेला में 750 कट्टा अवैध धान जब्त







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में जिले में अवैध धान खरीदी, बिक्री एवं भंडारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज उड़नदस्ता दल द्वारा विकासखंड छुरा अंतर्गत ग्राम रसेला में छापामार कार्यवाही के दौरान 750 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया। दरअसल तहसीलदार रमेश मेहता के नेतृत्व में सहकारिता एवं मंडी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ग्राम रसेला स्थित साहनी सामुदायिक भवन का औचक निरीक्षण किया गया। भवन के अंदर लगभग 750 कट्टा धान अवैध रूप से डंप किया जाना पाया गया। पूछताछ करने पर ग्राम का निवासी एचके यादव द्वारा किसानों से धान खरीदना स्वीकार किया गया। लेकिन एचके यादव के पास फुटकर धान खरीदने का लाइसेंस नहीं है। इस प्रकार अवैध रूप से धान का क्रय एवं भण्डारण करना पाया गया। उक्त भंडारित धान को जप्ती कर भवन को सील किया गया। उक्त प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार, सवि अधिकारी, मण्डी प्रभारी, ग्राम कोटवार एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

- अवैद्य धान भंडारण पर जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

## राजीव लोचन का मनमोहक श्रृंगार...



**राजिम।** देवउठनी पर्व के अवसर पर भगवान श्री राजीव लोचन का बहुत ही मनमोहक श्रृंगार हुआ। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालु, भक्तजन दर्शन और पूजा के लिए पहुंचते रहे। शाम की आरती में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## झरगांव में 400 बोरा धान जब्त



**गरियाबंद।** अमलीपदर तहसीलदार योगेंद्र देवांगन के नेतृत्व में संयुक्त दल ने झरगांव में दो जगह अलग छापेमारी कर 400 बोरा धान जब्त किया है। टिम ने लोकनाथ मांझी से 200 बोरा, कातों राम से 200 बोरा धान जब्त कर सरपंच के सुपुर्द किया है। टिम को सूचना मिली थी कि ओडिसा का धान लाकर डंप किया गया है। सूचना पर टिम जब संबंधित के घर पहुंची तो धान का सोर्स और रकबा नहीं बता पाए। टिम में मंडी उपनिरीक्षक रजनीकांत तिवारी भी शामिल थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गांव में बनी रहती है एकता: प्रियंका




**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 15 किमी दूर ग्राम पंचायत घटौद में आदर्श युवा मंच द्वारा सोमवार रात छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति संस्था लोक साधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल मुख्य अतिथि द्वारा पूजा अर्चना एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत वन सभापति चंदा बारले, विशिष्ट अतिथि कृषि सभापित रामसिंह नागेश, भाजपा नेता तुलसी राठौर, सरपंच श्रीमति कीर्ति कपिल विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस महिला अध्यक्ष प्रियंका कपिल ने कहा की इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से गांव में उत्साह का माहौल रहता है गांव और क्षेत्र के लोग एक जगह एकत्र होते हैं भाईचारा बढ़ता है। उन्होने इस कार्यक्रम के आयोजकों को से कहा इस तरह के कार्यक्रम उनके द्वारा हमेशा सहयोग किया जाता रहेगा। इस मोके पर प्रमुख रूप से तन्नू नेताम, किशोर यदु, दुर्योधन मरकाम, हेमलाल यादव, तीजू सिन्हा, गेन्दलाल यादव, बुधराम नेताम, हेमलाल नागेश, तुलसीराम, मंशाराम, आलेसिंह, प्रमिला सोनवानी, नरसिंह, सुनिता बाई, रामदयाल ठाकुर, तीजूराम नेताम, भागवत सिन्हा, कुले"वर सिन्हा, धनीराम सिन्हा, अमृत नेताम, महेन्द्र नागेश, कोमल सोनवानी, दिनेश नेताम, भोजलाल व बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# परिवार के तानों से तंग आकर महिला ने कर ली आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिंगेश्वर थाना क्षेत्र में ग्राम परसदाकला में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका की मां ने इस मामले में ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए लिखित में आवेदन दिया था। पुलिस ने मामला संवेदनशील होने के कारण जांच शुरू की। जांच में आरोप साबित होने पर परिवार के लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

- आरोपी पति सहित सास-ससुर गिरफ्तार, गए जेल
- मृतिका के मां ने की थी पुलिस से शिकायत

मिली जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर क्षेत्र के ग्राम परसदाकला में नंदनी देवांगन ने शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। मृतिका की मां रूखमणी बाई निवासी ग्राम पितईबंद थाना राजिम ने नंदनी के पति सोहन देवांगन द्वारा शराब पीकर आये दिन मारपीट करने के साथ साथ ससुर मस्तु देवांगन और सास दशोदा द्वारा झगड़ा, गाली गलौज कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए थाने में इसकी शिकायत दर्ज कारवाई थी। आत्महत्या किये जाने कि सूचना प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मामले की संवेदनशीलता को संज्ञान में लेते हुए थाना फिंगेश्वर प्रभारी निरीक्षक पवन वर्मा को मृतिका के आत्म हत्या के मामले का वितृत जांच कर प्रकरण में दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देश दिए गए। परिणाम स्वरूप आरोपी पकड़े गए।



### लड़का नहीं होने पर देते थे ताना

जांच के दौरान मृतिका के बच्चों से पूछताछ करने पर बताया कि दादी और दादा हमेशा मां को लड़की-लड़की पैदा किये हो, लड़का पैदा नहीं करते हो, तुमसे कोई मतलब नहीं है। कहकर आये दिन लड़ाई झगड़ा करते थे। मृतक महिला इनके ताना से तंग आ गई थी। साबित होने पर कि परिवार वालों के लड़ाई झगड़ा और प्रताड़ित करने से तंग आकर नंदिनी ने आत्महत्या की है। थाना फिंगेश्वर में मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया। **ये हुए गिरफ्तार**-गवाहों के कथन एवं सबूतों के आधार पर महिला के पति सोहन देवांगन उम्र 28 वर्ष, ससुर मस्तु राम देवांगन उम्र 70 वर्ष, सास दशोदा उर्फ पुन्नी बाई देवांगन उम्र 65 वर्ष को अपराध धारा 108, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरास्त में भेजा गया।

## विजेता प्रतिभागी को दिए जाएंगे गोविज्ञान किट व नकद पुरस्कार

# स्कूलों में होगी गौ विज्ञान परीक्षा, 12 संस्थाएं लेंगी भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

अखिल भारतीय स्वयंसेवी संस्था गौसेवा विभाग के सौजन्य व प्रयास से भारत में गौ धन की लगातार घट रही संख्या व महत्ता को पुनर्स्थापित करने वास्ते प्रदेश स्तर पर हाई स्कूल एवं कालेजों में गौविज्ञान परीक्षा का आयोजन इसी सत्र से 11 एवं 18 दिसंबर से शुरुआत होने जा रही है। जिसके तहत ही प्रतिभागियों को गौ विज्ञान ग्रन्थ निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा में तीनों स्तर पर प्रथम द्वितीम एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः 51000, 31000 एवं 11000 रुपए तथा जिला स्तर पर 5100, 3100, 1100 रुपए के पुरस्कार तथा गोविज्ञान किट के साथ प्रमाण पत्र सभी प्रतिभागियों को प्रदान किया जाना तय है। जिले में प्रतियोगिता के संयोजक डॉ चंद्रशेखर हरित गौशाला अध्यक्ष फिंगेश्वर ने बताया है कि जिले में गौशाला समिति एवं अभियान के प्रचारक तेज राम साहू के प्रयास से 12 से अधिक विद्यालय और महाविद्यालय से लगभग 1000 की संख्या में इस वर्ष विद्यार्थियों के सम्मिलित होने की उम्मीद है। डॉ. हरित ने आगे बताया है कि जिले में गौ विज्ञान संगम तथा प्रांत स्तर पर रायपुर में गौविज्ञान संगम का आयोजन होगा। जिसमें पुरस्कार वितरित किए जाने की योजना बनी है। परीक्षा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15 नवंबर रखी गई है जिस विद्यालय को भी गौ विज्ञान परीक्षा में भाग लेना हो वे 15 नवंबर के पूर्व जिला संयोजक से संपर्क कर प्रतिभागी विद्यार्थियों का पंजीयन करवा सकते हैं।

डॉ. हरित एवं तेज राम साहू ने संस्था के प्राचार्यों एवं गो भक्त जन मानस से पर्यावरण व देश हित में इस पवित्र अभियान के लिए तन मन धन से सहयोग की अपील की हैं।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

खबर संक्षेप

### मुनगासेर में भाजपा का कार्यशाला आज

**महासमुंद।** भाजपा लोकतंत्र संगठन महापर्व चुनाव के पूर्व मंडल कार्यशाला का आयोजन 13 नवंबर 2024 बुधवार 3 बजे स्थान मुनगासेर में मंडल निर्वाचन अधिकारी छतर सिंह नायक, सह निर्वाचन अधिकारी कमलेश कुमार टांडेय की उपस्थिति में आहूत किया जाएगा। जिसमें बागबाहरा ग्रामीण मण्डल निवासरत प्रदेश/जिला के वरिष्ठ नेतागण व पदाधिकारी की उपस्थिति होगी। जानकारी देते हुए भाजपा बागबाहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल ने मंडल के समस्त मोर्चा/प्रकोष्ठ अध्यक्ष, सदस्यता, शक्ति केंद्रों के संयोजक, सहसंयोजक, समस्त बूथ अध्यक्ष एवं मंडल के सक्रिय सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जिला फ्लेक्स एसोसिएशन के निर्विरोध सचिव बने सिद्धांत

**महासमुंद।** महासमुंद जिला फ्लेक्स एसोसिएशन का गठन नगर पंचायत तुमगांव के कर्मा सदन में किया गया। जिसमें नगर पंचायत तुमगांव के सिद्धांत साहू निर्विरोध सचिव चुने गए। कार्यक्रम में महासमुंद जिले के सभी विकासखंड से 24 फ्लेक्स प्रिंटिंग व्यवसायी उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से अध्यक्ष -पंकज सोनी महासमुंद, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल बसना, सचिव सिद्धांत साहू तुमगांव, कोषाध्यक्ष - अमरनाथ झा सरायपाली, सहसचिव -अमितेश बंसल बागबाहरा, मीडिया प्रभारी -सजल अग्रवाल झलप को बनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अनिल कुंडलिया (रायपुर), शेखर श्रीवास (रायपुर), सुमीत अग्रवाल (रायपुर) एवं डीके साहू (अध्यक्ष राजिम फ्लेक्स प्रिंटर्स एसोसिएशन) मौजूद रहे।

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का हुआ दीपावली मिलन कार्यक्रम

**महासमुंद।** प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लाक महासमुंद द्वारा 10 नवम्बर को वृंदावन विद्यालय प्रांगण में दिवाली मिलन के कार्यकम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यालय के संचालकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में छात्रों के बीच में सभी धर्मो के प्रति सम्मान और आदर की भावना पैदा करने का प्रयास होना चाहिए। जिससे समाज में भाईचारा और एकता बनी रहने में सहायक होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष माधव टांकसाले ने की। इस अवसर पर उन्होंने विज्ञान परीक्षा तथा संगठन के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा संबधी समिति में पांच सदस्य रखे गए हैं, जिसमें बाहर से दो सदस्य अखिल भारतीय विद्या भारतीय तथा छत्तीसगढ़ प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन के भी रखा गया है। कार्यकम का संचालन एमआर विश्वनाथन ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक पारस चोपड़ा, मनोहर महंती, राकेश श्रीवास्तव, संजय वासनिक, देवांगन (प्राचार्य वेडनर), सुजाता विश्वनाथन, राहुल चंद्राकर, घनश्याम सोनी समेत अनेक संचालकगण उपस्थित थे। सभी ने अपना विचार रखते हुए दीवाली की शुभकामनाएं दी।


पहल : चार दिन पूर्व गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने भी पहुंचकर लिया था जायजा

# कांदाडोंगर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने प्रयास जारी : तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के प्रमुख धार्मिक स्थल कांदाडोंगर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रयासों को गति मिल रही है। गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर अमलीपदर तहसीलदार योगेंद्र देवांगन ने मंगलवार को कांदाडोंगर प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान वे हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन और स्थानीय ग्रामीणों के साथ कांदाडोंगर के मुख्य शिखर पर स्थित माता कुलेश्वरी धाम, भगवान राम के भ्राता लक्ष्मण द्वारा धनुष बाण से खोदा गया प्राचीन कुंड, राम पगार, थीपा खोल स्थित गुप्त गंगा और पर्वत की ऊंचाइयों पर स्थित समतल भूमि का अवलोकन करने पहुंचे। बता दें कि इससे पहले चार दिन पूर्व गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल और जिले के कई अन्य आलाधिकारियों ने कांदाडोंगर के अन्य प्रमुख स्थलों का दौरा किया था, जिसमें महर्षि सवांर्ग ऋषि तपोस्थली गुफा, पर्वत के नीचे स्थित माता कुलेश्वरी मंदिर, कचनाधुर्वा मंदिर, कांदेश्वर महादेव द्वादश ज्योतिलिंर्ग मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर और गांधी माता मंदिर शामिल हैं।

इन धार्मिक स्थलों को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बात कही गई थी। अधिकारियों का मानना है कि ये स्थल धार्मिक आस्था के साथ-साथ ऐतिहासिक महत्व भी रखते हैं, और इन्हें पर्यटन के लिहाज से उपयुक्त माना गया है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि वे पहाड़ी के शिखर पर स्थित अन्य धार्मिक और प्राचीन स्थलों की जानकारी भी एकत्रित करें, ताकि इस क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। तहसीलदार ने बताया कि कांदाडोंगर में कई ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल स्थित हैं, जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में मौजूद गुफाओं और औषधीय गुणों से भरपूर रंगीन चट्टानों का भी निरीक्षण किया गया है। यह स्थल पर्यटन के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है, जिसके चलते यहां विकास कार्यों की संभावना को तलाशा जा रहा है।



### सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए हैं बैरिकेड्स

*गौरतलब है कि इस इलाके को संवारने के लिए हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन जमीनी स्तर पर लगातार काम कर रहा है। स्वच्छता व्यवस्था के लिए डस्टबिन की व्यवस्था और कांदाडोंगर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए अनेक प्रकार के पेड़-पौधे लगाए जा रहे हैं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बैरिकेड्स की व्यवस्था की गई है। कांदेश्वर धाम में तालाब के किनारे सभी खाबों में लाइट की व्यवस्था भी की गई और लगातार कांदाडोंगर को सुंदर और दर्शनीय बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है।*

### स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्य आशुतोष सिंह राजपूत ने बताया कि वह कांदाडोंगर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के फैसले से बेहद खुश हैं, क्योंकि अगर यह क्षेत्र पर्यटन के मानचित्र पर आता है, तो इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कांदाडोंगर के धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की खोज से न सिर्फ आस्था का संचार होगा, बल्कि यहां के अनछुए प्राकृतिक सौंदर्य को भी दुनिया के सामने लाया जा सकेगा। कांदाडोंगर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान तहसीलदार योगेंद्र देवांगन, जनपद सभापति भूमि लता यादव, ग्राम सरपंच पुजारी टीकम, कंचना धुर्वा, पुजारी मुकेश दाऊजी, हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन के आशुतोष सिंह राजपूत चिराग ठाकुर, पुष्पराज यादव, प्रभुलाल ध्रुव, मधु सूर्यवंशी, अलेश यादव, राजेश यादव, बोनी अवस्थी, तरुण ताड़ी, पुरुषोत्तम कवर, चिंटू यादव, चंद्रो, कृष्ण साथ मौजूद रहे।

### कांदाडोंगर प्रमुख देवी-देवताओं का है स्थल

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के कांदाडोंगर एवं पैरी उद्गम भाठीगढ़ पहाड़ी क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में जाना जाता है और यहां आदिवासी समाज के द्वारा समय -समय पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम किया जाता है पैरी उद्गम स्थल में आदिवासियों के प्रमुख देवी- देवताओं का स्थल है साथ ही कांदाडोंगर में दशहरा पर्व पर आदिवासी परंपरा अनुसार देव दशहरा का आयोजन किया जाता है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित ओड़िशा से हजारों की संख्या में लोग शामिल होते है और लंबे समय से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का मांग किया जा रहा है।

## विद्यार्थियों को दी गई कानूनी जानकारी, विवाद से दूर रहने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय में 11 नवंबर को विद्यार्थियों को कानून संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मजिस्ट्रेट दामोदर प्रसाद चंद्रा, विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्या इंदु मिश्रा एवं वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री व विद्यालय के समस्त शिक्षकगण व विद्यार्थिगण उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में उपस्थित चंद्रा का स्वागत सुजाता विश्वनाथन द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। तत्पश्चात चंद्रा ने विविध कानूनी जानकारी जैसे महिला सुरक्षा, यातायात नियम, छेड़छाड़ के विरूध नियम, विवाह संबंधी, चोरी से संबंधित कानूनी कार्रवाई, माता-पिता का पालन पोषण, कल्याण अधिनियम, चिकित्सा सहायता, शिक्षण क्षेत्र इत्यादि विषयों के बारे में जानकारी छात्रों को दी गई। विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि 1987 में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) अधिनियम का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता के लिए बनाया गया है। तत्पश्चात संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने कानून के प्रति जागरूक रहने व कानून का दुरूपयोग न कर उसके सदपयोग को ग्रहण करने की सलाह दी।



## भाजपा संगठन की बैठक में पहुंचे पूर्व विधायक डमरूधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने पूजा अर्चना कर किया उन्होने कार्यकर्ताओं से कहा की संगठन सदस्यता अभियान अंतिम चरण में है। 15 नवम्बर तक सदस्यता के लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जाये। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, नरोत्तम साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, दिलीप साहू, रामदास वैष्णव, तुलसी राठौर, घन"याम मरकाम, राजेन्द्र तिवारी, बाबूलाल साहू, अमृतलाल नागेश एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिक्षा के विकास से गांव समाज की उन्नति संभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा कि व्यक्ति का जीवन उसकी शिक्षा पर निर्भर होता है। जीवन में शिक्षा का सबसे अहम स्थान होता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिवर्ष 11 नवंबर को भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौलाना अबुल कलाम आजाद कवि, लेखक एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। वे भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे।उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा से व्यक्ति को ज्ञान, उदारता, समझदारी और सोंचने की क्षमता मिलती है। अतः शिक्षा से समाज में समृद्धि और सामाजिक उत्थान होता है। व्याख्याता दिनेश कुमार साहू ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के विकास से गांव,समाज एवं राष्ट्र की उन्नति संभव है। इस अवसर पर प्राचार्य पूरनलाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे, शिक्षक रुद्रप्रताप साहू, क्लर्क तोमन राम साहू भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नवापारा में तुलसी पूजा



**नवापारा-राजिम।** देवउठनी पर्व में नवापारा के हर घरो में माता तुलसी की पूजा देर रात तक होते रहा। महिलाएं, युवतियां पूजा में शामिल हुई।

## शिक्षक संघर्ष मोर्चा फिंगेश्वर ने तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ब्लाक ईकाई फिंगेश्वर ने प्रदेश सह संचालक पूरन लाल साहू एवं ब्लॉक संचालक हुलस साहू के नेतृत्व में तहसीलदार फिंगेश्वर के प्रतिनिधि स्वरूप लेखापाल कुंती साहू एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा,वीरेंद्र दुबे,मनीष मिश्रा,विकास राजपूत ने कहा कि 11 नवम्बर को मोदी की गारंटी लागू करने 146 विकासखंड में हजारो शिक्षक एल बी अपना अधिकार मांगा तथा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ब्लाक संचालक हुलस साहू ने बताया कि जिन मांगो को लेकर एल बी संवर्ग को ज्ञापन सौंपा गया उसमें मोदी जी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन



विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत, समयमान, वेतनमान, प्रदान किया जावे। समतुल्य वेतनमान पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे। प्रदेश सह संचालक पूरनलाल साहू ने बताया कि पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे। 24 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में धरना, रैली प्रदर्शन कर मांग किया गया। 1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार मांग किया गया। वहीं आज 11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकास खंड में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। 12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा। 25 नवंबर को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा प्रांतीय संचालक के निर्देशानुसार ज्ञापन सौंपने वालों में पूरन लाल साहू, भुवन यदु, लता ध्रुव, टिकेन्द्र यदु, हुलस साहू, विरेन्द्र ध्रुव, किरण कुमार साहू, डगेश्वर ध्रुव, कृपाराम बघेल, लेखाचंद मल्होत्र, बलराम बंजारे, तिरथ राम साहू, लक्षेन्द्र साहू समेत छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा फिंगेश्वर के शिक्षक सम्मिलित हुए।

## निमोनिया से बचाव में जागरुकता जरूरी : डॉ. एन कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के हेल्थ एंड एलाइड साइंस विभाग के द्वारा 'विश्व निमोनिया दिवस' के अवसर पर मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ एन कुमार स्वामी ने कहा कि निमोनिया से बचने के लिए दवाइयों के साथ ही हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ पी विश्वनाथन ने बताया कि एल्वोलैयी निमोनिया खतरनाक बीमारी है और इससे प्रभावी रूप से निपटा जाना चाहिए। इस कार्यक्रम के संयोजक अश्वनी कुमार साहू ने समस्त अध्यापकों और विद्यार्थियों के साथ विश्व निमोनिया दिवस जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के तहत विश्व




निमोनिया दिवस जागरूकता कार्यक्रम पर प्रदर्शनी का मौखिक प्रस्तुति दी गई जिसमें टिकेन्द्र कुमार साहू को प्रथम पुरस्कार, मोहम्मद रेयान को द्वितीय पुरस्कार एवं युगल और खिलेन्द्र तृतीय पुरुस्कार प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी पी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. एनके स्वामी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहन एवं सहयोग करने का वादा किया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, डॉ. अनुराग सिंह चौहान, विकास कुमार साहू, लुकेश्वरी वर्मा, ओमप्रकाश साहू, प्रतिभा जायसवाल, सभी लैब इंचार्ज की उपस्थिति बनी रही।

## अधिवक्ता देव नारायण विधि रत्न से सम्मानित

**नवापारा-राजिम।** सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा एक छोटे से गांव उमरपोटी में जन्मे पले-बढ़े अधिवक्ता देवनारायण सिन्हा को विधिक सेवा कार्य और सार्वजनिक जीवन में विधि के क्षेत्र में जनमानस में न्यायिक प्रक्रिया को सरल, सुगम, सुलभ उपलब्ध कराने में समाज के पीड़ितों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इसी योगदान को देखते हुए सिविल लाइन रायपुर में सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा विधि रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्याय मूर्ति अनिल शर्मा सेवानिवृत्त न्यायाधीश, विशिष्ट अतिथि डॉ. नेहा गुप्ता लोक अदालत सदस्य दुर्ग संभाग, रूपनारायण सिन्हा, सच्चिदानंद उपासने, अधिवक्ता संघ रायपुर अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी, किशोर ताम्रकार, डॉ उदयभान सिंह चौहान उपस्थित थे। जानकारी के मुताबिक सामाजिक संस्था सर्वसमाज समन्वय महासभा ने



सामाजिक जीवन में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें विधि के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले अधिवक्ताओं का विधि रत्न से सम्मान भी किया गया। आयोजक मंडल के प्रमुख सदस्य योगाचार्य डॉ. सीएल सोनवानी थे। कार्यक्रम में लगभग 60 अधिवक्ताओं को मेडल, प्रमाण पत्र, तथा वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
17 दिसंबर 2024
21 दिसंबर 2024
24 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
26 फरवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025
19 फरवरी से 01 मार्च 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग
राशि:-स्लीपर-16500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels – One Way Taxi Pvt Ltd –
CUSTOMER CARE NO.:7377511511